तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 8 अक्टूबर 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

11 भारतीय किसान संघ गठित जिलाध्यक्ष बने कुबेर



12 अघरिया महिला मंच ने मनाया गरबा उत्सव



## खबर संक्षेप

### शराब के नशे में प्राणघातक हमला, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** शराब पीकर गाली गलौज कर रहे बेटे को मना करने पर पिता पर ब्लेड से प्राणघातक हमला कर दिया। जगन्नाथ भोई पिता सफेद भोई उम्र 51 साल निवासी ग्राम वार्ड नं. 14 बस्ती सरायपाली ने पुलिस को बताया कि रविवार को रात करीब 8 बजे के उसका बेटा दिनेश भोई नशे में घर आया व गाली गलौज कर रहा था, जिसे मना किया तो वह अपने सर को ईंट से मारने लगा, जिसे जगन्नाथ द्वारा बचाव करते हुए आज तुझे जिन्दा नहीं छोड़ूंगा कहकर जेब में रखें ब्लेड से हत्या करने की नियत से उसके गले में ब्लेड मार कर प्राण घातक हमला किया। जिसके रोकने के प्रयास में बांये हाथ के छोटी एवं तर्जनी उंगली तथा दाहिने हाथ की मध्य उंगली कट गई। आरोपी दिनेश भोई के खिलाफ 109 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत

**महासमुंद।** ग्राम परसदा एवं कौंदकेरा के मध्य पत्नी को लेने जा रहे बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई घटना में जांच के बाद रविवार को केस दर्ज कर लिया गया है। मर्ग जांच में पाया गया कि हितेश सिंह पिता चंदन ठाकुर 22 साल निवासी डोंगरीपाली अपनी पत्नी चांदनी ठाकुर को साथ लेकर 10 मई को बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 06 एचए 2427 ससुराल ग्राम बनसिवनी जाने के दौरान परसदा एवं कौंदकेरा के मध्य बालाजी राईस मिल के पहले तुमगांव रोड़ पर सामने से आ रहीं बजाज प्लेटिना बाइक क्र. सीजी 06 जीपी 8502 के चालक ने अपनी मोटर सायकल को तेजी से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए हितेश सिंह के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मार दी, जिससे हितेश ठाकुर के सिर, चेहरा, बांया पैर के घुटने एवं सीने में चोटे आई। अस्ताताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### स्काउट गाइड व रोवर रेंजर हुए सम्मानित



**कांकेर।** लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन 2024 में जिले भर के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक करने एवं आदर्श मतदान के साथ-साथ समस्त मतदान केदो में मतदाता मित्र के रूप में कार्य करने वाले स्काउट गाइड्स रोवर रेंजर्स एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए एसडीएम अशोक मार्बल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ के हेमंत संभागीय अध्यक्ष बने



**चारामा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के आईटी प्रकोष्ठ के शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ द्वारा हेमन्त साहू को बस्तर संभाग अध्यक्ष एवं धमेंद्र साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने शपथ ग्रहण समारोह में कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ का गठन किया गिया है। समाज द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से समाज के हर व्यक्ति तक, गांव गांव तक पहुंचाने का कार्य आईटी प्रकोष्ठ के लोगों द्वारा किया जाएगा। मुझे विश्वास है कि आप सभी आईटी प्रकोष्ठ के नव नियुक्त पदाधिकारी समाज के दिशा निर्देशानुसार अपने दिए गए दायित्व को निस्वार्थ भाव से पूरा करेंगे।

**अव्यवस्थाः** दुकानों एवं बैंक के सामने नहीं पार्किंग व्यवस्था, रोजाना बन रही जाम की स्थिति

# गोल बाजार के लिए त्योहारी सीजन में नो एंट्री टाइमिंग जरुरी, चौकों पर रात तक हो तैनाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवरात्रि और आगामी दीपावली पर्व के चलते इन दिनों शहर के मुख्य मार्ग सहित गोल बाजार में भारी भीड़ का आलम है। दरअसल, शहर में कई स्थानों में रास-गरबा का आयोजन हो रहा है वहीं दीपावली की तैयारियों के चलते लोग लगातार खरीददारी करने बाजार पहुंच रहे हैं। वहीं गोल बाजार में थोक व्यापारियों के दुकानों में पहुंचने और इस मार्ग से गुजरने वाले 4 पहिया वाहनों के चलते दिन में कई बार जाम की स्थिति बन रही है।

बता दें कि शहर के रास गरबा स्थल पर 10 बजे के बाद साउंड सिस्टम बंद कर दिया जा रहा है। गरबा समाप्त होते ही यहां की हजारों की संख्या मुख्य मार्ग में पहुंच जाती है। वहीं शहर में बड़े वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध बिल्कुल नही है। रात में भीड़ के बाद भी मालवाहक वाहनें और रेत से भरी हाईवा बिना रफ्तार कम किए बेधड़क मुख्य मार्ग गुजरते हैं। समस्या यह है कि रात 9 बजते ही शहर के सभी सिग्नल बंद हो जाते हैं।



### इन स्थानों से चार पहिया वाहनों का प्रवेश बंद हो

शहर के गोल बाजार में प्रवेश के लिए नेहरु चौक, गांधी चौक, शहरी चौक और महामाया चौक से बड़े वाहनों का भीतर प्रवेश बंद किए जाने की मांग लगातार व्यापारी भी कर रहे हैं। दरअसल, बड़े मालवाहनों को 10 बजे से पहले प्रवेश देने पश्चात दिन भर प्रतिबंध लगाया जाने की आवश्यकता है। ताकि ग्राहकों की आवाजाही के समय यहां पर जाम की स्थिति निर्मित न हो। व्यापारियों की मानें तो मालवाहकों के प्रवेश के बाद जाम लगने पर तकरीबन एक से डेढ़ घंटे तक यातायात बाधित होने से व्यापारियों को ग्राहकों भी ठीक त्यौहारी सीजन के समय प्रभावित होती है।

### त्यौहारी सीजन में दुकानों का सामान सड़क पर होने से भी लग रहा जाम

सराफा मार्केट से गांधी चौक, महामाया मंदिर मार्ग में एवं मुख्य मार्ग रायपुर रोड में नगर पालिका और राजस्व अमले ने कई बार ट्रैफिक पुलिस के साथ दुकानों के बाहर सड़क पर समान नहीं रखने की समझाइश दी है। वहीं, प्रशासन ने कुछ दुकानदारों पर कार्रवाई भी की, परंतु फिर से वही स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा उपभोक्ता भी अपनी दो पहिया वाहन खड़ी कर रहे हैं। इसके कारण 30 फीट की सड़क 10 से 8 फीट की हो जाती है। आम जनता फिर प्रशासन की कार्रवाई की बाट जोह रही है ताकि शहर में आवागमन सुचारु रूप हो सके।

### सराफा व्यापारी परेशान

शहर की मुख्य सराफा दुकानें गांधी चौक के आसपास स्थित हैं। यहां आने वाले ग्राहकों के लिए पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नही होने के कारण दुकानदार खासे परेशान है। दुकानों के सामने वाहनों के खड़े होने के चलते आवागमन बाधित होता है और राहगीरों के साथ आसपास के दुकानदारों को भी काफी परेशानी होती है। ग्राहकों द्वारा लगातार इसकी शिकायत किए जाने के बावजूद यहां पार्किंग की व्यवस्था में सुधार नही हो पा रहा। त्यौहारी सीजन में भी कोई वैकल्पिक व्यवस्था के लिए प्रयास नही होने के कारण व्यापारीगण भी परेशान है।

### बैंकों में भी भीड़ जुट रही

त्यौहारी सीजन में लोग, बाजारों से लेकर बैंकों में पहुंच रहे हैं। जहां हर रोज बैंक के सामने गाड़ियों की अव्यवस्थित ढंग से खड़ी कर रहे हैं इसी तरह शहर के अन्य मार्गों में स्थित बैंकों के पास भी, यही स्थिति रहती है। दुर्गा पूजा एवं नवरात्रि पर यह हाल है तो आगामी दीपावली त्योहार के चलते गांव के लोग खरीदारी करने पहुंचेंगे तो परेशानी बढ़ेगी।

# डेढ़ सप्ताह के बाद झमाझम बारिश ने किया तरबतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

करीब डेढ़ सप्ताह तक बारिश पर ब्रेक लगने के बाद सोमवार दोपहर को आधा घंटा तक झमाझम बारिश होती रहीं। मानसून की वापसी के दौरान हुई बारिश से जहां उमस से राहत मिली। वहीं, धान की फसलों के पकने के लिए यह बारिश जरूरी हो गया था। खासकर, भाठा-टिकरा जमीन में बोई गई धान की फसल के लिए वरदान साबित होगी। लेकिन, अर्ली वेरायटी के धान जो पककर तैयार है, जमीन गीली हो जाने के कारण कटाई के लिए कुछ दिन और इंतजार करना होगा। जिले में आखिरी बार अच्छी बारिश 27 सिंतबर को हुई थी। इस दिन जिले की औसत बारिश 33 एमएम दर्ज की गई। इसके बाद बारिश पर ब्रेक लगने के कारण मानसून की पूरी तरह वापसी के संकेत मिल रहे थे। लेकिन, सोमवार को जिले के अनेक हिस्सों में हुई झमाझम बारिश से सभी कयासों पर विराम लग गया। मौसम विज्ञानिकों की मानें तो मानसून की वापसी के दौरान हुई बारिश एक या दो दिनों तक और होने की संभावना है। फिलहाल हो रही बारिश मानसून की अंतिम बारिश हो सकती है। बता दें कि एक जून से अब तक 969.8 एमएम बारिश हो चुकी है, जो कि औसत बारिश का 90.8 फीसदी है। इस वर्ष बारिश की स्थिति जिले में मिला जुला रहा। पिथौरा और बागबाहरा तहसील में जहां औसत से अधिक बारिश दर्ज की गई है, तो महासमुंद, सरायपाली में औसत बारिश से 30 फीसदी और बसना, कोमाखान तहसील में 20 फीसदी तक कम बारिश दर्ज है।



### उमस से मिली राहत

सोमवार को सुबह से ही धूप खिली रहीं, जिससे गर्मी और उमस से लोग परेशान रहें। लोग धूप में निकलने से कतराते रहें। लेकिन, दोपहर को हुई बारिश के बाद शहर की सड़कों में चहल पहल बढ़ गई। शाम को लोग अपने घरों से निकलने लगे।

### लौटने लगा है मानसून

मौसम विज्ञानिकों का कहना है कि मानसून लौटने लगा है। 15 अक्टूबर के आसपास मानसून की वापसी रेखा प्रदेश तक पहुंच जाएगी। इसके बाद प्रदेश में रात के तापमान में गिरावट शुरू होगी। सोमवार को महासमुंद जिले में तापमान सामान्य से अधिक रहा।

# भालुओं की आमद से लहरौद के आसपास दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

तीन दिनों से भालू की लगातार आमद से जिले के पिथौरा के समीपस्थ ग्राम लहरौद डिपोपारा कर्मचारी कॉलोनी में दहशत व्याप्त है। इन दिनों अंचल में गाँव से लेकर शहरों तक दुर्गोत्सव का माहौल बना हुआ है। ऐसे में देर शाम के समय भालुओं की आवाजाही से चिंता बढ़ गई है। रात में लोगों की आवाजाही है। शनिवार की रात तो डिपोपारा में भालू दो घरों में पहुंच गया। वहीं, रविवार को ओव्हरब्रिज के नीचे देखे जाने से हड़कंप मच गया। ज्ञात हो कि नवरात्रि के अवसर पर क्षेत्र के अनेक स्थानों पर दुर्गा पंडाल लगे है और रास गरबा भी चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पिथौरा से एक किलोमीटर के आसपास कर्मचारी कॉलोनी ओवरब्रिज के समीप कल रासगरबा के पास तक एक भालू पहुंच गया, जसि रात कोई साढ़े दस बजे एक महिला ने देखा और दौड़ती भागती घर पहुंच कर बताया। इसकी जानकारी मिलते ही दुर्गा पंडाल के आसपास के लोगो ने हल्ला कर लाउडस्पीकर की आवाज बढ़ा कर उसे भगाया गया। लगातार भालुओं के आकर परेशान करने से त्रस्त ग्रामीणों ने बताया कि भालू के आते ही मुहल्ले में कुत्ते भौंकना शुरू कर देते हैं। वन विभाग द्वारा भालुओं को खदेड़ने में नाकाम रहने के बाद मोहल्लेवासियों ने हो हल्ला कर भालू को खदेड़ रहें।

### शनिवार को पंडाल तक पहुंचा

इधर, शनिवार की रात भी यही हुआ। कुत्तों के जोर-जोर से भौंकने से कॉलेज के समीप भालू को देखकर युवाओं ने वीडियो बनाकर वायरल भी किया है। श्री दीक्षित के घर से निकलकर भालू समीप स्थित दुर्गोत्सव स्थल पर भी पहुंच गया और वहाँ विद्युत झालरों को नुकसान पहुँचाने के बाद पीछे पीछे लोगों को देखकर जंगल में भाग निकला।

### लगातार की जा रही निगरानी

पिथौरा रेंजर बसंत सिन्हा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर वे स्वयं टीम के साथ पहुँच कर रोजाना मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसके अलावा वन स्टाफ की भी तैनाती की गई है। गणेश पक्ष के दौरान इस इलाके में दो भालुओं को रिहाइशी क्षेत्र में देखा गया था। इसके बाद ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर निगरानी दल भेजा जा रहा।

## महामाया मां को भेंट की गई 51 मीटर की चुनरी



**महासमुंद।** शहर के हाईस्कूल परिसर में आयोजित गरबा स्थल से नपाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में गरबा आयोजन समिति द्वारा भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। आयोजन स्थल से गाजे-बाजे, भक्तिमय गीतों और आतिशबाजी के साथ आयोजन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ सैंकड़ो की संख्या में महिलाएं चुनरी यात्रा में शामिल हुई। यात्रा हाईस्कूल मैदान से मुख्य मार्ग स्वामी, अंबेडकर चौक से होते हुए नगर की कुलदेवी मां महामाया मंदिर पहुंची जहां माता को 51 मीटर की चुनरी चढ़ाई गई। यात्रा में माता के नव रूप में बालिकाएं नजर आई जो आकर्षण का केंद्र रही।

## प्राणघातक हमले मामले में तीन आरोपियों को 10-10 साल की सजा

**महासमुंद।** प्राणघातक हमला के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने सांकरा के वीरेंद्र नगर निवासी 21 वर्षीय कुणाल यादव पिता बसंत यादव, 50 वर्षीय सुभाष बारिक पिता नरसिंग बारिक, 35 वर्षीय अंशुमन तांडी पिता वीरेंद्र तांडी को भादसं की धारा 307 के तहत 10-10 वर्ष सश्रम कारावास व 1-1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर दो-दो माह का पृथक से कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार जीतेश गोड़ ने सांकरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 1 मार्च 2022 को शाम 7 बजे उसके पिता आर.बी चीप सोसायटी से दूध लेकर आ रहे थे तो राजस्थानी ढाबा के आगे सुभाष नाई एवं उसके साथी गंदी-गंदी गाली देकर हाथ मुक्का तथा डंडा से उसके पिता तुलसी गोड़ के साथ मारपीट किए। कृष्णा ने जान से मारने की धमकी देते हुए दाहिए हाथ में चाकू मार दिया। जिससे उसके पिताजी को काफी चोट आई। किसी तरह वहां से उसके पिता जान बचाकर ढाबा पहुंचे। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रायपुर ले जाया गया। आंख में बहुत चोट लगी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा था। जहां आरोप दोष सिद्ध होने पर तीनों आरोपियों को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। चाकू से मारपीट कर उसके आंख में प्राणघातक चोंट पहुंचाई गई थी जिसके कारण तुलसी के आंख की रोशनी चली गई। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक भूपेंद्र चंद्राकर ने पैरवी की।

# चाक़ू मारकर पैसे की लूटपाट करने वाले तीन लोगों पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुरंगी नाला के आगे ग्राम तोरसिंहा के पास पदमपुर रोड पर तीन लोग ओवर टेक कर बाइक को सामने खड़ी कर चाक़ू मारकर पैसे लूट लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मेघनाथ परेवा पिता स्व. गन्शो परेवा (52) निवासी कुण्डापाली ने पुलिस को बताया है कि वह सब्जी बेचने का धंधा करता है। 6 अक्टूबर 2024 को सुबह उठकर अपने गांव का लोकनाथ सरवास के साथ सब्जी मंडी सरायपाली सब्जी खरीदने गांव से अपने-अपने मोटर सायकल में जा रहे थे, तभी सुबह करीब 4 बजे सुरंगी नाला के आगे पीछे से ओवर अटेक कर एक मोटर सायकल में बैठे तीन व्यक्ति लोकनाथ सरवास के आगे खड़ी कर मोटर सायकल अड़ा दिये और लोकनाथ सरवास को रोकने लगे तो लोकनाथ सरवास धक्का देकर आगे वहीं बढ़ने लगा तो तीनो व्यक्ति लोकनाथ को पकड़ लिये और झूमाझटकी कर रहे थे। उसी समय मेघनाथ परेवा को भी तीनों ने रोक कर पकड़ कर बायें जेब में रखे रुपए को निकालने लगे मेघनाथ परेवा ने अपने जेब पर हाथ रखकर दबा दिया तो एक व्यक्ति ने अपने साथी शेखर का नाम लेकर बोला चाकू मार तो वह व्यक्ति मेघनाथ के बायें जांघ में चाकू मार दिया और उसके साथी मेघनाथ के जेब में रखे 7000 रूपये छीन लिया। तब शेखर नाम का व्यक्ति अपने दोनों साथी का नाम रूपानंद, बन्नू को बोले गाड़ी जल्दी स्टार्ट कर भागो जल्दी यहां से कहते हुये तीनों मोटर सायकल स्टार्ट कर सरायपाली की ओर भाग गये। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने शेखर, रूपानंद और बन्नू के खिलाफ 126(2), 3(5), 309(6) के तहत अपराध कायम किया है।

## लूटपाट करने पर अपराध दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली थाने में दो लोगों के खिलाफ लूटपाट करने की शिकायत दर्ज की गई है। आरोपियों द्वारा रास्ता रोक कर बटन वाला धारदार चाक़ू को गले में टिकाकर पैसे लूट लिया गया। महादेव सेठ (45) निवासी ग्राम गोहिरापाली ने पुलिस को बताया कि 21 अगस्त को मोटर सायकल से 13,500 रुपए लेकर बकरी खरीदने के लिये सरायपाली जा रहा था। सुबह करीब 5 बजे ग्राम तोरेसिंहा सुरंगी नाला के पास एक मोटर सायकल से दो व्यक्ति आएं और महादेव सेठ का रास्ता रोक कर गाली गलौज कर जेब से बटन वाला चाकू निकाल कर महादेव सेठ के गला के पास टिका दिया और पैसा मांगने लगा। महादेव सेठ ने उनका विरोध किया जान से मारने की बात कहते हुए पैंट के दाहिने पाकिट में रखे 13500 रुपए को लूट लिया। घटना की जानकारी पहले पुत्र मोहित सेठ को दी। रविवार को महादेव को पता चला कि थाना सरायपाली में लूट पाट करने वालों को थाना लाया गया है तो वह भी थाना आकर लूटपाट करने वाले दोनों युवकों को पहचाना और रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपी बन्नू गड़तिया पिता सुरेश गड़तिया 24 वर्ष और रूपानंद बेहरा पिता छबि बेहरा 20 वर्ष बलोदा निवासी के खिलाफ 126(2), 296, 3(5), 309(4), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया है।

# युवा स्वयं नशे से दूर रहें और परिजन को भी दूर रखें : कलेक्टर

## राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का कलेक्टर ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने 7 अक्टूबर को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर बसना में आयोजित राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। विद्यार्थियों ने उद्घाटन समारोह में स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। यह शिविर महिला एवं बाल विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा कूड़ो संघ महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में 5 से 9 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने कहा कि ज़लि में विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को गतिविधियों में शामिल कराने कार्य किया जा रहा हैं, इस क्षेत्र में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए लगातार गतिविधियां संचालित किया जा रहा हैं। खास कर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे खुद नशे से दूर रहें और अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों को भी नशामुक्ति की ओर प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नशा सिर्फ शारीरिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है, और इसे रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। इस अवसर पर कलेक्टर लंगेह ने बसना और सरायपाली में नशामुक्ति केंद्र खोलने को कहा। इस दौरान कलेक्टर द्वारा सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति एवं पोषण शपथ दिलाई गई। साथ ही कलेक्टर लंगेह ने विद्यालय प्रांगण में पाम के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू मौजूद रहे।



शिविर में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास समीर पांडेय ने बताया कि बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ थीम को लेकर जिले में विभिन्न कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। सुपोषित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए सही पोषण का संदेश देते हुए लोगों को जागरुक करने कहा गया। खेल अधिकारी ने आयोजन के विषय में बताते हुए आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ नशामुक्ति अभियान, स्वच्छता, खेलकूद व विभिन्न जागरूकता रैली अयोजित कर लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से जिले में कार्य कर रहे हैं। इस दौरान एसडीएम बसना रवि राज साहू, तहसीलदार बसना अर्पण कुर्रे, परियोजना अधिकारी बसना चंद्रहास नाग, ग्राम पंचायत सरपंच भंवरपुर हेमबाई पटेल, उपसरपंच मनप्रीत कौर, प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर बसना कमल स्वर्णकार, लिलाकांत पटेल उपस्थित रहे। कलेक्टर लंगेह ने राज्य स्तरीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न जिलों के मुख्य प्रशिक्षक को जिसमें रघुनाथ नेताम, छेदीलाल साहू, डिजेंद्र कुर्रे, संजय पंडा, उपेंद्र प्रधान, धनुर्जय चौधरी, अखिलेश आदित्य, रवि पाण्डेय, मीरा पंडा, बालाराम रावत, भगवती बांधे, जगन्नाथ साहू, अश्वनी कुमार, राजेश चक्रधारी, दलेश राणा, राकेश साहू, दीपक निषाद, धनीराम निराला, खेलावन, सरोजिनी खटकर, दिलीप सोनवानी, केशव बारीक, बी पी देवांगन, संजना साहू, साजन नेताम, रतन सिंह, दीपक दुबे, उमा दास, खेलबाबू निराला, स्वर्णक राणा, खेमराज साहू ,वीरेंद्र कर को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शिविर में खिलाड़ियों ने अतिथियों के समक्ष काता, कुमिते व नान चाकू का प्रदर्शन किया।

## महिला एवं बेटे से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** तुमगाँव थाना क्षेत्र के ग्राम अछोली में महिला एवं उसके बेटे से मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्रार्थिया धनेश्वरी साहू ने पुलिस को बताया है कि रविवार को प्रातः 8.30 बजे मैं अपने घर में थी, तभी मेरे पति द्वारा दूसरे घर में जाना है कहकर घर के रखे सामान को फेंक रहा था तब मैं विडियो बना रही थी उसी समय मेरे मोबाईल को छिनकर पटक कर गंदी गंदी मां बहन की गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट चोंट पहुंचाया है । वहीं छोटा पुत्र त्रिलोक साहू के साथ भी मारपीट की। शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

**खबर संक्षेप**



## भाजपाइयों ने गांवों में चलाया सदस्यता अभियान

**तेंदूकोना।** बागबाहरा ग्रामीण मंडल सम्हर शक्तिकेंद्र के ग्राम सराईपाली में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए उनके तैलचित्र पर मलयार्पण कर सराईपाली सहित ग्राम मोंगरापाली, बिराजपाली, सम्हर में सदस्यता अभियान चलाया गया। जहां आफलाइन, ऑनलाइन की जानकारी लेकर सदस्यता दिलाई गई। अभियान में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, टीकम ध्रुवंशी, दीपक चंद्राकर, अशोक साहू सहित भाजपा कार्यकर्त्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे। जानकारी पीताम्बर साहू ने दी।



## चरौदा में उल्लास केंद्र का हुआ उद्घाटन

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत चरौदा में उल्लास केंद्र (साक्षरता) का उद्घाटन किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से विखं उल्लास नोडल ममता चक्रधारी, सरपंच चंद्रकला साहू, संकुल समन्वयक रामाधीन यादव, एसएमसी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पंचायत प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। इस दौरान विखं उल्लास नोडल ममता चक्रधारी ने उल्लास की महत्ता, आवश्यकता सहित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार रखे। साथ ही संकुल समन्वयक रामाधीन यादव ने नवसाक्षर प्रतिभागियों को लगन, निष्ठा के साथ सीखने प्रेरित किया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने साक्षरता गीत, प्रहसन एवं नृत्य की प्रस्तुति दी।

# स्मृति विशेष पौधारोपण का शुभारंभ ब्लाक के स्कूलों में रोपे जाएंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना



अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल बसना एवं शिक्षा अंजोर भारत के तत्वावधान में प्राचार्य क्षीरोद्र पुरोहित, बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा एवं समन्वयक अनिल सिंह साव के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ शिक्षा अंजोर भारत संस्था का गठन शिक्षा क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति को हरा भरा करने आदि उद्देश्य को लेकर किया गया। इसी तारतम्य में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बसना से स्मृति विशेष पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अभियान में बसना ब्लाक के सभी स्कूलों में स्मृति विशेष पौधा रोपण किया जाएगा।उस विद्यालय में अपनी सेवा देने वाले दिवंगत शिक्षकों के पुण्यस्मरण में पौधे रोपे जाएंगे। 5 अक्टूबर को विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय बसना में बसना विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल द्वारा अपने पिता स्व. जगदीश चन्द्र अग्रवाल के स्मृति में, प्रतिमा साव ने अपने पति, आदर्श शिक्षक, पूर्व एल्डरमेन स्व. प्रेमसिंह साव के स्मृति में, रमेश कुमार खरे पूर्व प्राचार्य ने रमा देवी खरे की स्मृति में, पूर्णानंद मिश्रा ने माता स्व. प्रेमशिला मिश्रा की स्मृति में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को स्व.प्रेमसिंह स्मृति में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रमेश कुमार खरे, विजया दास, स्काउट्स गाइड्स संघ बसना के अध्यक्ष शीत गुप्ता, रमेश अग्रवाल, मोहित पटेल, राजू साहू, सुरेश पटेल, रामचंद्र अग्रवाल, प्रकाश सिन्हा, हेमन्त दास, विजय शंकर विशाल, अन्नपूर्णा बुड़ेक, अभिमन्यु जायसवाल, प्रेमचन्द साव, डिजेन्द्र कुर्रे, विनय पात्र आदि मौजूद रहे।

# विधायक अग्रवाल ने किया बाल काव्य बालकुंज का विमोचन

**बसना।** विधायक संपत अग्रवाल ने काव्य बाल कुंज का विमोचन किया। इस दौरान डॉ.पूर्णानंद मिश्रा राष्ट्रीय संस्थापक-शिक्षा अंजोर भारत एवं आदर्श शिक्षक पूर्व प्राचार्य रमेश कुमार खरे के उपस्थिति में हुआ। शिक्षा अंजोर भारत के कार्यक्रम में साहित्यत्कार प्रेमचंद साव व गीतानंद कर्ष द्वारा संपादित बालकाव्य बालकुंज का विमोचन बसना विधायक डॉ.संपत अग्रवाल एवं रमेश कुमार खरे की अध्यक्षता में किया गया। बाल काव्य बालकुंज में बच्चों की आयु को ध्यान में रखकर बाल कविता सृजन किया गया है। इसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अरेकेल के बच्चों एवं विभिन्न स्कूलों के छात्र -छात्राओं, शिक्षक शिक्षिकाओं के बाल कविता, शैक्षणिक जानकारी, शिक्षण गतिविधि, शिक्षाप्रद, विज्ञान से संबंधित कविताएं व जानकारियां, लघुकथा, फलों एवं सब्जियों पर लिखी कविता आदि प्रकाशित हैं। संपादक प्रेमचंद साव ने बताया कि इसमें बाल कविता के माध्यम से हम खेल खेल में बच्चों की भाषा सामान्य एवं बौद्धिक मानसिक क्षमता बढ़ाने में, बचपन से ही बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास, संस्कार, नैतिकता आदि गुणों के विकास में मदद मिलेगी। इस बाल काव्य बालकुंज में शिक्षक शिक्षिकाओं में गीता सागर, नेमीचंद साहू, हरिकृष्ण पटेल, वीरेंद्र कुमार चौधरी, विनोद कुमार चौहान, श्रीराम साहू, शंकर अग्रवाल, सावित्री यादव, विभा सोनी, गोपाल कौशल, नंदिनी राजपूत, गीतानंद कर्ष, हीराधर साव, हरिराम साव, चेतनारायण कश्यप, छात्र -छात्राओं में अर्नव प्रेम साव, काव्या साहू, रुपाली नेताम, सुलेंद्री यादव, नितेश यादव, सुहाना दास, रमन साव, सिद्धि



पांडे, डुमेश्वरी यादव, गीतिका दास, सोनम लहरे, ज्योति साव, भारती यादव, सोमनाथ साहू, पायल गोस्वामी, तारिणी सेन, कुंती साव, सोनाली टंडन, चंद्रिका यादव, सुहानी जगत, लेसिका साहू, वर्षा यादव, देवांश दास, हंसिका सेंडे, दिव्या यादव, जागेश्वरी दास, पूनम साव, ख्याति शर्मा, प्रीति साहू, पुष्पांजलि यादव आदि छात्र -छात्राओं की संकलित व स्वरचित कविताएं शामिल है। संपादक प्रेमचंद साव के नियमित मासिक वॉल मैगजीन बाल दर्पण एवं वार्षिक बाल काव्य के नियमित प्रकाशन हेतु विकासखंड स्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा, विकास खंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी वीके शुक्ला, बद्री विशाल जोल्हे, लोकेश्वर सिंह कंवर सहित संकुल समन्वयक एवं शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

# रामचंडी मंदिर में तृतीय दिवस बैठकी कीर्तन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



नवरात्र के अवसर पर देवी मंदिरों श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती ही जा रही है। प्रतिदिन मंदिरों में तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कोलता समाज की आराध्य देवी के रूप में विराजित माँ रामचंडी मंदिर परिसर में रोजाना भजन कीर्तन के साथ आरती की जा रही है। तृतीय दिवस संध्या 4 बजे बैठकी कीर्तन का आयोजन रखा गया। जिसमें कीर्तन दल रसोड़ा, पुटका द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात रामचंडी की विशेष पूजा एवं आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। रात्रि भण्डारा भोज एवं क्षीर की व्यवस्था बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज के महामंत्री मथामणी- भोजकुमारी बढ़ाई द्वारा उनकी सुपुत्री हेमाद्री बढ़ाई के जन्मदिन के उपलक्ष्य में की गई। इस अवसर पर समाज की ओर से अध्यक्ष गिरधारी साहू द्वारा हेमाद्री को मां रामचंडी का तैलचित्र और चुनरी भेंट कर आशीष प्रदान किया गया। तृतीय दिवस बसना विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल माँ रामचंडी मंदिर पहुंचकर माता का दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कोलता समाज के संरक्षक हरिचरण प्रधान, कार्यकारिणी अध्यक्ष गिरधारी साहू, महामंत्री मथामणी बढ़ाई, उपाध्यक्ष प्रवीण भोई, प्रदेश महासचिव विजय शंकर विशाल, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदकिशोर भोई, सचिव द्वय ललित कुमार साहू, रंकमणी प्रधान, मंदिर समिति अध्यक्ष चन्द्रकांत भोई, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष त्रिवेणी बढ़ाई, सचिव निरुपमा विशाल, नगर पं. उपाध्यक्ष सुमीत अग्रवाल, प्रकाश सिन्हा, सामाजिक पदाधिकारीगण एनएल भोई, नंदलाल प्रधान, प्रकाश प्रधान, भाग्येश साहू, दिलीप भोई, हेमसागर प्रधान, विजय प्रधान, किशोर भोई, सुरेन्द्र साहू, रामलाल साहू, जयंत बारीक, महेश नायक, सूर्यकांत बारीक, अशोक साहू, अश्विनी बारीक, मुरारी प्रधान, रसिक प्रधान, विनोद बारीक, लक्ष्मण प्रधान, तेजेन्द्र प्रधान, लक्ष्मीनारायण भोई, संजय भोई, नवीन साहू, रामधारी पात्र, रमेश भोई, श्रवण विशाल, शौकीलाल बारीक, सुरेन्द्र प्रधान, अशोक साहू, मंदिर समिति के पदाधिकारीगण, सदस्यगण मौजूद रहे।

## महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

**सरायपाली।** आदर्शवादी सेवा समिति एवं डाक्टर भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के संयुक्त तत्वावधान तथा युवा समाज सेवी रुपेश कुमार के विषेश सहयोग से नशामुक्ति संकल्प एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि युवा समाज सेवी रुपेश कुमार, अध्यक्षता अनिता पटेल प्राचार्य डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा, विशिष्ठ अतिथि सारिका रुपेश कुमार, दुखनाशन प्रधान संयोजक आदर्शवादी सेवा समिति, तिलक राम पटेल उपाध्यक्ष, डिग्रीलाल प्रधान (गुरूजी), प्रफुल्ल सराफ, गुलाब कुमार मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पुरोधा पुरूष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा समाज से रूपेश ने कहा कि वर्तमान परिवेश में गांव का सांस्कृतिक पतन अक्सर देखा जा रहा है, जिसका मूल कारण गांव गांव में हो रहे नशापान हैं। मानव समाज में नशापन की प्रवृत्ति ने चोरी बलात्कार, हत्या, सड़क दुर्घटना सहित अनेक जघन्य कृत्यों को जन्म दिया है। नशापन मानव समाज के लिए दिनों दिन घातक साबित हो रहा है। स्वच्छ व स्वस्थ समाज की स्थापना नशापन से दूर रहकर ही किया जा सकता है। कार्यक्रम को अनिता पटेल प्राचार्य डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा, समिति के संयोजक दुखनासन प्रधान एवं सारिका कुमार ने भी संबोधित किया। महाविद्यालय छात्र-छात्राओं ने स्वेच्छा से नशामुक्ति का संकल्प लिया। कार्यक्रम आईक्यूएसी जितेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में रोजगार मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी गजानंद नायक के दिशा निर्देश में हुआ। इस अवसर पर प्राध्यापक गण किरण कुमारी, अंजेला लकड़ा, रश्मि निबार्गिया, रितुराज भोई व माधुरी प्रधान, चितरंजन स्वाइ तथा भारत माता वाहिनी समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन गजानन नायक एवं आभार प्रदर्शन कमला दीवान द्वारा किया गया।

# मनोवांछित फल देती है सिरपुर की चंडी दाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अमेरिका निवासी महासमुंद की बेटी

- अमेरिका निवासी महासमुंद की बेटी निकिता ने भी करवाए ज्योत प्रज्ज्वलित

नितिका तायल ने सिरपुर के चंडी दाई में मनोकामना के ज्योत प्रज्जवलित कराई है। सिरपुर व अंचल के ग्रामीणों की चंडी दाई पर आस्था वर्षो पुरानी है और यहां मनोकामना पूर्ण होने के कारण श्रद्धालु नवरात्र व अन्य दिनों में दर्शन करने पहुंचते है। सिरपुर के ग्रामीणों का यह अटूट विश्वास है कि मां चंडी दाई आकाल, महामारी य अन्य अनिष्ठ से ग्रामीणों की रक्षा करते आ रही है। पूर्व में कई बार भक्तजनों ने मंदिर परिसर में माता की सवारी देखने की बात लोगों को बताई है। दिलीप जैन बताते है कि यह मंदिर बहुत पुराना है और गांवा वालों के सहयोग से मंदिर का जीर्णोद्वार कर ज्योति प्रज्जवलन की शुरूवात के बाद से गांव में कभी अनिष्ठ नही हुआ।

मंदिर का संचालन वर्तमान में गंधेश्वनाथ महादेव ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी दाऊलाल चंद्राकर ने बताया कि इस वर्ष 164 मनोकामना के अखंड ज्योत प्रज्जवलित किए गए हैं। गांव के श्रद्धालु सेवादारों द्वारा दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारा रखा गया है। जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों लोग देर रात तक प्रसाद ग्रहण कर रहे है। शुक्रवार 11 अक्टूबर को अष्टमी का हवन व 12 अक्टूबर को कन्या पूजन व विसर्जन होगा।

## जिला जेल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा नवरात्र पर्व





**महासमुंद।** जिला जेल में परिरुध्द बंदियों द्वारा नवरात्र पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बंदियों द्वारा जेल में कलश स्थापना ज्योत जलाकर माता सेवा, भजन-कीर्तन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से 44 बंदियों के द्वारा 09 दिन का एवं 07 बंदियों द्वारा 03 दिन का उपवास रखा गया है। उपवास रखे बंदियों के स्वास्थ्य को जेल चिकित्सक एवं सहायक जेल अधीक्षक मुकेश कुशवाहा एवं समस्त जेल कर्मचारियों के द्वारा सतत निगरानी रखा जा रहा है। उपवास रखे बंदियों के लिए जेल प्रबंधन नियमानुसार, फल, फल्लीदाना, दूध, साबूदाना आदि की व्यवस्था की गई है। उपवास रखे बंदियों को एक ही बैरक में रखा गया है। ताकि, इन बंदियों को पूजा भजन-कीर्तन करने में कोई व्यवधान न आए।

# सम्मेलन ही अपने आप में एक विशिष्ट संस्कृति का परिचायक : सीमारानी



**बसना।** बसना विधानसभा के ग्राम बीजेपुर शाखा सभा पिपरोद द्वारा स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के उत्थान में हम सब की भागीदारी विषय पर विचार गोष्ठी भी हुई। सम्मेलन के मुख्य अतिथि महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ सीमारानी प्रधान रहीं। अध्यक्षता पिपरोद सभापति रसिक प्रधान ने की। विशिष्ट अतिथि बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज के संभागीय महामंत्री मथामणी बढ़ाई रहे। महामंत्री बढ़ाई ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हम अपने विचारों का आदान-प्रदान कर पाते हैं तथा समाज में आपसी भाईचारा एवं सद्भाव पनपता है। डॉ सीमारानी प्रधान ने कहा कि यह सम्मेलन ही अपने आप में एक विशिष्ट संस्कृति का परिचायक है। समाज के उत्थान के लिए महिलाओं को आगे आना होगा और अपने आप को पहचानना होगा। स्नेह सम्मेलन को समाज के मुख्य अंकेक्षक नंदलाल प्रधान ने भी संबोधित करते हुए कहा कि समाज में नकारात्मक विचारधारा का परित्याग ही स्नेह का मूल है, इस सम्मेलन में कैतब बारीक, लक्ष्मी नारायण साहू, नरोत्तम साहू, मदन प्रधान, विनय प्रधान, प्रहलाद साहू, सुशील प्रधान, चंद्रमा प्रधान, देवानंद भोई, सुनील प्रधान, तरुण साहू, आशीष प्रदान, बिशिकेशन साहू, विसंबर प्रधान सहित लाटादादर, छुवालीपतेरा, विजेपुर, पिपरौद, धरमपुर, गौरिया, सांकरा, बड़े टेमरी, सागुनढाप आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रमेश साहू एवं आभार व्यक्त सभापति रसिक प्रधान ने किया।

## आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा बच्चों के विकास के लिए उत्कर्ष योगा कोर्स आयोजित



**महासमुंद।** दशहरा की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए आर्ट ऑफ लिविंग महासमुन्द ने 8 साल से 13 साल के बच्चों के लिए उत्कर्ष योगा कोर्स का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में किया जा रहा है। इस कोर्स को करने के लिए बच्चों का पूर्व पंजीयन करवाना अनिवार्य है। यह कोर्स बच्चों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास में सहायक है। यह कोर्स बच्चों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाता है। साथ ही एकाग्रता, स्मरण शक्ति,आध्यात्म व भारतीय संस्कृति को समझने और जानने का अवसर प्रदान करता है। इस कोर्स को आर्ट ऑफ लिविंग के सीनियर टीचर उषा चन्द्राकर द्वारा लिया जाएगा। पंजीयन सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए मनीष अग्रवाल, एम आर विश्वनाथन, ओम अग्रवाल, रितेश सूचक, मनीषकान्त साहू, बसन्ती साहू, चंचल ठाकुर, आरती साहू आदि से संपर्क कर सकते हैं।




## दुर्गा पंडाल में निःशुल्क जांच परीक्षण

महासमुंद। मां डिजिटल एक्स-रे एवं पैथोलॉजी सर्विसेस द्वारा बस स्टैंड दुर्गा पूजा उत्सव समिति परिसर दादाबाड़ा में निःशुल्क ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर जांच, वजन, हाइट निःशुल्क मापा गया। प्रमुख रूप से लैब संचालक ललित कुमार चक्रधारी, इशू चंद्राकर, नरेश यादव, चुरामन यादव, लक्ष्मी साहू, दीप यादव, बंटी साहू, कैलाश मानिकपुरी आदि उपस्थित रहे।

# नहीं मिला सशस्त्र बल, आंबेडकर अस्पताल की सुरक्षा अब भी निहत्थे जवानों के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कोलकाता मेडिकल कॉलेज कांड के बाद गरमाया मामला ठंडा पड़ा

कोलकाता मेडिकल कॉलेज में हुई घटना के बाद आंबेडकर अस्पताल की सुरक्षा पुख्ता करने के लिए मांगा गया सशस्त्र बल अभी भी प्रक्रिया में अटका हुआ है। अस्पताल की सुरक्षा का जिम्मा अभी भी बिना लाठी वाले निजी एजेंसी के सुरक्षा जवानों के भरोसे है। आंबेडकर अस्पताल के अलावा डीके अस्पताल द्वारा भी 12 सशस्त्र जवानों की तैनाती के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। मामला गरमाने के बाद अस्पताल और कॉलेज प्रबंधन ने सुरक्षा संसाधनों को अपडेट करने की जरूरत बताई थी। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12-12 बंदूकधारी जवानों की ड्यूटी लगाने पर सहमति जताई गई थी। अस्पताल प्रबंधन से पुलिस विभाग को पत्र भेजने कहा गया था, जिसकी प्रक्रिया पूरी हुई, मगर समय बीतने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। आंबेडकर अस्पताल में सुरक्षा के साथ अन्य कार्यों की जिम्मेदारी अभी भी निजी एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले सुरक्षा गार्डों के भरोसे हैं। अस्पताल के संवेदनशील इलाकों में ड्यूटी करने के बजाय इनका ज्यादातर उपयोग गेट और ओपीडी में हो रहा है। अस्पतालों में सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की योजना भी थी, मगर इस पर भी काम शुरू नहीं हो पाया है। डीके अस्पताल में भी सशस्त्र बल की तैनाती के लिए प्रस्ताव भेजा गया था, मगर वहां भी निजी कंपनी के गार्ड ही सुरक्षा का काम संभाल रहे हैं।



### रास्तों का भी वही हाल

आंबेडकर अस्पताल के पिछले हिस्से में बनाए गए छात्रावास तक पहुंच के लिए सुगम रास्ता बनाने हिदायत दी गई थी। महीनेभर बाद भी उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है और रात के बाद उस इलाके में चिकित्सकों की आवाजाही अंधेरे भरे रास्ते से हो रही है। वहां सुरक्षा गार्डों की उपस्थिति दिन के बाद दिखाई नहीं पड़ रही है।

### आंबेडकर में 170, डीके में 82 सुरक्षा गार्ड

आंबेडकर अस्पताल में कुल 170 निजी एजेंसी के सुरक्षा जवान तैनात हैं। इसी तरह डीके अस्पताल में इनकी संख्या 82 है। सुरक्षा गार्ड तीन शिफ्ट के हिसाब से अपनी ड्यूटी पूरी करते हैं। इन जवानों को सुरक्षा के लिए आवश्यक ट्रेनिंग देने की योजना थी, जो अभी भी अधूरी है।

## 'हरिशंकर परसाई व्यंग्य सम्मान' लखनऊ के व्यंग्यकार अनूप को

रायपुर। हिंदी साहित्य व व्यंग्य संस्थान की ओर से व्यंग्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में रखा गया। हरिशंकर परसाई व्यंग्य सम्मान लखनऊ के सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार अनूप मणि त्रिपाठी को, छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान सुनील रामदास अग्रवाल तथा छत्तीसगढ़ साहित्य सम्मान लोक बाबू को दिया गया। छत्तीसगढ़ समाज सेवा सम्मान नवदृष्टि फाउंडेशन दुर्ग को दिया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि निगम के सभापति प्रमोद दुबे, छग योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, छत्तीसगढ़ी विप्र समाज के अध्यक्ष विनय तिवारी तथा नई दिल्ली के प्रखर व्यंग्य आलोचक डॉ. रमेश तिवारी तथा हिंदी साहित्य व व्यंग्य संस्थान के अध्यक्ष व वरिष्ठ व्यंग्यकार राजशेखर चौबे मौजूद रहे।

# हादसे में कट गए दोनों पैर, सरकार ने इलाज के लिए मंजूर किए दस लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से संभव हो पाया 80 दिन का उपचार

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की संवेदनशीलता के चलते युवक की जान बच गई। सड़क हादसे में युवक का दोनों पैर कट गए थे। मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से मिली राशि से 80 दिन तक उसका निजी अस्पताल में उपचार हो पाया।

सड़क हादसे में 25 साल का शिराज हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गया था। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसके दोनों पैर काटने पड़ गए। 90 फीसदी संक्रमण से ग्रसित शिराज के परिजनों ने इलाज के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से आर्थिक मदद की गुहार लगाई थी। उन्होंने परिजनों को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के लिए आवेदन करने की सलाह दी थी। स्वास्थ्य मंत्री की पहल पर दस लाख रुपए की राशि इलाज के लिए मंजूर हुई और शिराज का इलाज राजधानी के निजी अस्पताल में संभव हो पाया। शिराज का इलाज 80 दिन तक चला, इस दौरान इंपटेशन ग्राफ्टिंग डिब्राइटमेंट फ्लेप की दो बार सर्जरी हुई।



*छह महीने पहले हुई थी शादी : कोंडागांव निवासी शिराज का विवाह छह माह पहले रायपुर में हुआ था। 5 जुलाई को हादसे के दिन वह बाइक से रायपुर आ रहा था। अभनपुर के पास ट्रक की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे में गंभीर स्थिति के दौरान परिजनों ने उसके बचने की आस छोड़ दी थी। विशेष सहायता से मिली मदद के बाद ही उसका इलाज संभव हो पाया।*

## खबर संक्षेप



### युवा प्रभाग ने किया रानी दुर्गावती को याद

**महासमुंद।** तेज, शौर्य पराक्रम और अदम्य साहस की परिचायक महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जन्म जयंती पर नगर के रानी दुर्गावती चौक पर स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर आदिवासी युवा प्रभाग महासमुंद द्वारा माल्यार्पण कर नमन किया गया तथा उपस्थित सदस्यों द्वारा रानी दुर्गावती की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्रद्धा ध्रुव, उपाध्यक्ष सावित्री नेताम, सचिव मनोज सिदार, मुकेश नेताम, लच्छु ध्रुव, हर्षिता ध्रुव, लक्ष्मी मरकाम, छोटू ध्रुव, रामेश्वरी नेताम, टामिनी नेताम, अमृत सिदार आदि उपस्थित रहे।



### गांवों में भाजपाइयों ने चलाया सदस्यता अभियान

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कर पार्टी के सदस्यिता अभियान की शुरुआत की थी। पार्टी ने इस बार दस करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्यत रखा है। इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में ग्रामीण मंडल महासमुंद के विधानसभा संयोजक एवम ग्रामीण मंडल के सदस्यता प्रभारी चंदहास चंद्राकर ने ग्राम नांदगांव, खैरा, लभाराखुर्द में ग्रामीणजनों से सतत संपर्क कर इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जुड़ने की अपील की। अभियान में ग्रामीणों में काफी उत्साह देखा गया एवम स्वफूर्त भाजपा का सदस्य ग्रहण कर रहे हैं। इस दौरान किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवम पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रेम चंद्राकार, मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष व पार्षद संदीप घोष, राकेश चंद्राकार एवम बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### दुर्गा पंडालों में पहुंचे तुषार

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता तुषार अशवंत साहू ने नवरात्र के चौथे दिन ग्राम सिरपुर, खमतराई, मरोद, अमलोर, केरियाडीह, कराडीह, चुहरी, पासिद, रायकेरा, सुकुलबाय, अचानकपुर, बंदोरा, खिरसाली के दुर्गा पंडालों में पहुंचे। जहां पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख-सौभाग्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। साथ ही ग्रामीणों का कुशलक्षेम जाना।

### भारतीय वायुसेना दिवस आज

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि भारतीय वायुसेना 8 अक्टूबर को मनाया जाता है और भारतीय वायुसेना के जवानों ने 1932 को ब्रिटिश-भारत सरकार द्वारा गठित की गई रॉयल इंडियन एयरफोर्स से तैयार हुई थी। इसलिए 8 अक्टूबर को प्रतिवर्ष भारतीय वायुसेना दिवस के रूप से मनाया जाता है। इस दिन सिर्फ भारतीय वायुसेना के गौरवमयी इतिहास को याद किया जाता है, बल्कि इसके सुनहरे भविष्य के लिए रणनीतियों पर भी विचार किया जाता है। आज जिला मुख्यालय के फॉरेस्ट ग्राउंड में भारतीय वायुसेना दिवस के बारे जानकारी दी जाएगी।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत देवपुर निवासी 28 वर्षीय प्रमिला विश्वास ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सुजीत विश्वास ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने अज्ञात कारणो के चलते 6 अक्टूबर को सुबह 9 बजें पखांजुर के आश्रम परिसर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# भारतीय किसान संघ गठित, जिलाध्यक्ष बने कुबेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



देव संस्कृति स्कूल में भारतीय किसान संघ जिला महासमुंद का गठन हुआ। निर्वाचन अधिकारी तुला राम, गजानंद प्रांतीय संगठन मंत्री, प्रांतीय कोषाध्यक्ष रहे। संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों का सम्मान एवं परिचय कार्यक्रम हुआ। जिसमें महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना चारों ब्लाक से 62 सदस्यों की उपस्थिति रही। जिलाध्यक्ष कुबेर गिरि गोस्वामी द्वारा विगत 3वर्षों के गतिविधियों की जानकारी दी तथा कार्यकाल समाप्ति की घोषणा की गई। निर्वाचन अधिकारी को निर्वाचन प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया। निर्वाचन अधिकारीद्वय तुला राम, गजानंद द्वारा किसान संघ की विस्तार से गतिविधियों, संगठन के कार्यों, पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए आवश्यक जानकारी दी। फिर निर्वाचन प्रक्रिया शुरू कर जिलाध्यक्ष पद हेतु नाम आमंत्रित कर प्रस्तावक दो समर्थक आमंत्रित किए। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष कुबेर गिरि गोस्वामी महासमुंद और धनंजय साहू बागबाहरा से दो उम्मीदवार घोषित किए गए। संघ के समस्त सदस्यों ने दोनो अनुभव, वारिस्तता के आधार कुबेर गिरि को जिलाध्यक्ष एवम धनंजय साहू को जिला मंत्री बनाए जाने का प्रस्ताव रखा, जिसे निर्वाचन अधिकारी ने भी मंजूरी दी। कुबेर गिरि गोस्वामी महासमुंद को जिलाध्यक्ष और धनंजय साहू जिला मंत्री घोषित करते हुए पूरा टीम 21 सदस्यों की जानकारी मांगने पर टीम में अनेक विभाग के अनुसार से सभी पांचों तहसील से आया बृज लाल साव, बंशीधर साव, यशवंत चंद्राकर, प्रेसन साहू, भुनेश्वरी साहू, अर्जुन साहू, सुरेंद्र ध्रुव, पायल साहू, जितेंद्र चंद्राकर, रूपेंद्र साहू, संजय चंद्राकर, राजेंद्र वैष्णव, शरद प्रधान, मया राम, जय कृष्ण गोपाल, कृष्ण कुमार साहू आदि का नाम प्रस्तावित हुए, जिन्हें विभागों को दी जावेगी। निर्वाचन अधिकारी ने एक सप्ताह का समय देते हुए पांचों तहसील, जिला की गठन की सूची जमा करने का निर्देश देते हुए। आगामी 15 एवम 16 अक्तूबर को प्रांतीय कार्यकारिणी गठन अधिवेशन में सम्मिलित होने रोहणी पुरम रायपुर सरस्वती शिक्षण संस्थान रायपुर में आमंत्रित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मंत्री को आगामी 3 वर्षों के कार्यकाल की कामना गतिविधियों का संकल्प के लिए तिलक चंदन लगाकर उद्बोधन के लिए क्रमशः आमंत्रित किया। संबोधन में दोनो पदाधिकारी आपस में मिलजुलकर किसानों की समस्याएं दूर करने हर माह के बैठक ग्राम स्तर में 01 ब्लाक स्तर में 05 जिला स्तर में 10 तारीख में शामिल होकर निवारण का प्रयास करेंगे प्रांत के निर्देशानुसार कार्य करने का वचन दिए। अंत में जिलाध्यक्ष कुबेर गिरि गोस्वामी ने किसान संघ का ध्वज उतरकर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। उपस्थित सदस्यों में चारों ब्लाक से प्रमुख रूप से शत्रुहन साहू, रोमांतक गिरि, चेतन साहू, दुलेश्वर साहू, सुंदर साहू, बरातू साहू, रेखराम पटेल, संतोष साहू,दिनेश प्रताप सिंह, कीर्तन साहू, कुंदन साव, गणेश राम, दिन बंधु देवांगन, हीरादेव, जीवराखन, पुरुषोत्तम,छन्नू लाल, राधेश्याम साहू आदि प्रमुखता से अपने अपने विचार रखे।

## बेलसोंडा की शीतला मंदिर में ज्योत जंवारा की हुई स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शारदेय नवरात्रि पर्व में ग्राम बेलसोंडा में गांव की अधिष्ठात्री देवी शीतला मंदिर में जंवारा एवं ज्योति कलश की स्थापना की गई। मां शीतला विकास समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू ने बताया कि माता की छत्रछाया में मुख्य ज्योति कलश सहित कुल 85 ज्योति प्रज्जवलित किये गए है। कोषाध्यक्ष उदेराम साहू ने बताया कि ग्रामीणों के पूर्ण सहयोग एवं गांव की प्रथम नागरिक भामिनी पोखन चन्द्राकर के मार्गदर्शन में पूरा कार्य हो रहा है। उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत चन्द्राकर ने बताया कि शीतला माता बेलसोंडा में पंडित लक्ष्मीकांत तिवारी की पावन कर कमलों द्वारा शीतला पुजारी खोरबाहरा बाइगा, सरपंच भामीनी -पोखन चंद्राकर, विजिया दीदी, श्रद्धालु भक्तों और ग्रामवासियों की उपस्थिति में ज्योति प्रज्जवलित और ज्वारा स्थापना का कार्यक्रम हुआ। संरक्षक पोखन लाल चन्द्राकर ने दूरभाष के माध्यम से सभी ग्रामीणों से पूरे नवरात्रि भर मंदिर में अपनी उपस्थिति की अपील।

## मां दुर्गा की चैतन्य झांकी प्रारंभ

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपकार भवन नयापारा वार्ड ब्रम्हा कुमारी बहनों द्वारा चैतन्य देवियों की झांकी में आज मां दुर्गा की चलित चैतन्य झांकी सजाई गई। राजयोग मेडिटेशन द्वारा एकाग्रता के बल से शेर पर सवार कन्या साक्षात मां दुर्गा स्वर्ग से उतर आई है और अपनी नयनों से अपने भक्तों को शांति सुख पवित्रता प्रेम ज्ञान की किरणें प्रवाहित कर रही हैं ऐसा प्रतीत हुआ। इसका प्रारंभ सेवाकेंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद हुआ। साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से श्रद्धालुओं को मां दुर्गा की आध्यात्मिक अष्ट शक्तियों को समझाया गया। सृष्टि के आदि मध्य अंत का ज्ञान, आत्मा का स्वरूप उनका निवास पिता परमात्मा का स्वरूप एवं उनका निवास बड़े स्क्रीन के माध्यम से भक्त आत्माओं को बताया जा रहा है।

## गरबा देखकर उत्साहित हुई सांसद, कार्यक्रम को सराहा



**महासमुंद।** सिटी स्पोर्ट्स क्लब में रोज नए अंदाज में शहर के लोगों को गरबा देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में सांसद रूपकुमारी चौधरी सिटी स्पोर्ट्स क्लब पहुंची। सांसद ने कहा कि आज मैं 400 किमी की यात्रा के बाद महेंद्र जैन के निवेदन पर 10 मिनट के लिए कार्यक्रम में सम्मिलित होने एवं गरबा देखने पहुंची हूं और गरबा देखकर यात्रा की थकान मिट गई। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन महेंद्र जैन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्य स्वयं महेंद्र जैन, तारिणी चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, निरंजना चंद्राकर, रविंद्र जैन, अजय थवाईत, मुकेश श्रीवास्तव का सहयोग रहा।

## स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल के छात्र सशस्त्र सैन्य समारोह में हुए शामिल

महासमुंद। छत्तीसगढ़ सरकार के पहल पर रायपुर के साईंस कालेज में आयोजित समारोह नो योर आर्मी (अपनी सेना के बारे में जाने) प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा के एनसीसी के जूनियर विंग के 25 कैडेट एवं 12 स्काउट गाइड के छात्र एनसीसी अधिकारी तृषा शर्मा एवं स्काउट एवं गाइड के प्रभारी शिक्षक दिव्येश वाणी भूतपूर्व सैनिक (थल सेना) डी.बसंत साव समन्वयक नवकिरण एकेडमी के साथ शामिल हुए। सेना द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में भारतीय सैनिकों द्वारा मोटर साइकिल पर करतब, मॉक युद्ध का प्रदर्शन भी किया गया। छात्रों को अपनी भारतीय सेना के बारे में जानने, सैन्य जीवन शैली तथा उनके द्वारा प्रयोग में लाने वाले तमाम प्रकार के हथियार तकनीक एवं उनके प्रयोगों की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ उनके शौर्य प्रदर्शन को देखकर प्रेरित होने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में सर्जीकल स्ट्राइक कैसे की जाती है एवं विभिन्न सौर्य प्रदर्शन किया गया। सेना के हथियारों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें सेना का टैंक भी शामिल है। छात्रों ने बताया कि पहली बार ऐसे हथियारों तथा टैंक को करीब से देखा तथा उनको छू कर उनके बारे में जानकारी हासिल किया। जिनमें 7.62 एम एम एलएमजी, 40 एमएम अंडर बैरल ग्रेनेट लांचर, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, 84 एमएम आरएल एम, 111 सर्विलांस काप्टर, मशीन पिस्टल, भीष्म टैंक आदि विभिन्न सैन्य हथियारों से रूबरू हुए। पश्चात डेयरडेविल बाइक स्टंट, खुखरी डांस, सेना बैंड ड्रिल, सर्जिकल स्ट्राइक आदि कार्यक्रम को देखकर छात्र सैनिक से काफी उत्साहित होने के साथ-साथ खुश हुए। शाला के प्राचार्य अमी रूफस, प्रमोद कुमार कन्नौजे सहित जीआर टांडेकर, ऋतुराज देवांगन एवं शाला स्टाफ ने सैनिक कल्याण समिति रायपुर का आभार व्यक्त किया।



# छात्रों ने दी जसगीत एवं गरबा नृत्य की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गरबा नृत्य एवं जसगीत का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संस्था की अध्यक्ष शशि प्रभा थिटे एवं कोषाध्यक्ष नरेंद्र नायक थे। विद्यालय के छात्रों उर्वशी ध्रुव, रेनू साहू, चांदनी साहू, योगिता साहू, दिव्यानी साहू, भोमिका कन्नौजे, आयुषी जोशी, नेहा निषाद, भावना टोनडे, पल्लवी साहू, योगमाया गोस्वामी, प्रेम सई यादव, चिरंजीवी साहू सेवक साहू, करण सेन, जितेंद्र राजपूत, अनोखी जगत, सुमित्रा साहू, मुस्कान चंद्राकर द्वारा एकल, युगल एवं सामूहिक जस गीतों में अपनी प्रस्तुति दी। विद्यालय के 300 बच्चों द्वारा गरबा नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। संस्था के अध्यक्ष उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ का लोक जीवन गीतों के बिना अधूरा है। यहां के लोकगीतों में जस गीत का प्रभाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह गीत देवी की स्तुति, उनसे विनती तथा प्रार्थना आदि के लिए गया जाता है। नरेंद्र नायक ने कहा गरबा नृत्य में गरबो नमक मिट्टी की मटके में पानी भरकर इसके चारों ओर महिलाओं द्वारा किए जाने वाला नृत्य हैं। यह गुजरात राज्य का प्रसिद्ध लोक नृत्य है, इसमें तीन तालियो का महत्व होता है। गरबा नृत्य में महिलाएं ताली, चुटकी, डांडिया और मंजीरों का प्रयोग भी करती है। प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने कहा कि गरबा गीतों की जरिए देवी दुर्गा और राक्षस महिषासुर की बीच हुई नौ दिवसीय युद्ध की जीत का प्रतीक दिखाया जाता है। इस गीत में भक्ति, प्रेम आऔर बुराई पर अच्छाई की जीत के बारे में बात की जाती हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक योगेंद्र देवांगन ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी, शशि प्रभा थिटे, नरेंद्र नायक, नंदकुमार साहू, दूषण लाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश प्रताप ठाकुर, जितेन चक्रधारी, ऋषभ साहू, लोकेश चंद्राकर, योगेंद्र देवांगन, रेखराम पटेल, अनीता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), गरिमा साहू, बसंती यादव, चित्रलेखा साहू, किरण विश्वकर्मा, गायत्री सेन, पम्मी यादव, योगिता महाकुर, जय श्रीवास्तव, लक्ष्मी कामेश्वरी बाग, भूमिका चंद्राकर, योगिता कन्नौजे, संजू पारेश्वर, सविता साहू, पुष्पा भारती चंद्राकर, रामेश्वरी साहू, लता निषाद, लक्ष्मी साहू, गौरी साहू, ममता प्रजापति, गायत्री साहू उपस्थित थे। यह जानकारी शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

## मौहारीभाठा में रास गरबा का आयोजन



**महासमुंद।** नवरात्र महापर्व पर पार्षद जनसेवा कार्यालय वार्ड न. 28 मौहारी भाठा में तीन दिवसीय रास गरबा का सफल आयोजन किया गया। इसके लिए पार्षद वार्ड न 28 अनिता विजय साव ने वार्डवासियों का आभार व्यक्त किया।

## महासमुंद में दुर्गोत्सव की धूम



नवदुर्गा उत्सव समिति नयापरा वार्ड 5 हनुमान चौक



नवयुवक नवदुर्गा उत्सव समिति (गौरा-चौरा) मौहारी भांठा वार्ड 28



जय मां खल्लारि दुर्गा उत्सव समिति बोरियाझार



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति खैरा चौक में विराजित दुर्गा प्रतिमा






## या देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति शब्दिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव कारागुला


नवदुर्गे उत्सव समिति लीला चौक बिन्द्रावन


सार्वजनिक नव दुर्गा उत्सव सेनभांठा


नवदुर्गा युवा समिति स्कूल पारा झिटकी


सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति आलावा चौक नर्रा


सार्वजनिक नवदुर्गे उत्सव समिति आजाद चौक परकोम


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव धानिक चौक बनियातोरा


सार्वजनिक दुर्गा उत्सव राम चौक उखरा


सार्वजनिक नव दुर्गा उत्सव रामचौक अमेरा


सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव शांति नगर नर्रा


सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति लामीसरार

### खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में 6 अक्टूबर को बिरकोनी के वीर सपूत शहीद घनश्याम कनौजे की जयंती पर शहीद स्मारक खरोरा एवं फारेस्ट ग्राऊड में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चन्द्राकर, प्रदीप चन्द्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, कनक राम निषाद, कन्हैया लाल सोनी, प्रदीप चन्द्राकर, मुकेश चन्द्राकर, अग्निवीर प्रशिक्षकगण मौजूद रहे।



### पतईमाता मंदिर में महिलाओं ने निकाली चुनरी यात्रा

**पटेवा।** क्षेत्र में शारदीय नवरात्र महोत्सव पर श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश की स्थापना की गई है। वहीं दुर्गा पंडालों में विराजित माता के दर्शन के लिए प्रतिदिन लोगों का तांता लग रहा है। महिलाओं द्वारा जोगीडीपा से पतईमाता मंदिर तक 351 मीटर चुनरी यात्रा निकाली गई। जिसे देखने श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

### शिविर में 31 मानसिक रोगी मिले

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली में शिविर का आयोजन किया गया। जहां 31 मानसिक रोगी मिले। इस अवसर पर डॉ व्हीए कोसरिया बीएमओ, सीतल सिंह बीपीएम, डॉ वर्षा सतपथी, प्रदीप साहू आरएमए, मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से टेकलाल नायक मानिटरिंग, गौतम यादव केस राजिस्ट्री असिस्टेंट आदि का सहयोग रहा। यह जानकारी रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता ने दी है।

# अघरिया महिला मंच ने मनाया गरबा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

अघरिया महिला मंच द्वारा नवरात्रि के अवसर पर फुलझर अघरिया छात्रावास भवन में एक दिन का गरबा डांडिया उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात सुशीला जगदीश चौधरी के मंत्रोचारण तथा आरती के साथ सर्वप्रथम समस्त महिलाओ द्वारा इष्ट देव कृष्ण तथा मां दुर्गा की आराधना द्वारा किया गया।



तत्पश्चात कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। जिसमें अघरिया महिला मंच की महिलाओं द्वारा गरबा और डांडिया नृत्य की विविध प्रस्तुति दी गई। जिसमें सुलोचना नायक, गायत्री पटेल, भावना पटेल , माधुरी पटेल, मोंगरा पटेल, वंदना पटेल, चंदा चौधरी, सुशीला चौधरी, देमोती पटेल, विमला पटेल, मंजू चौधरी, लक्ष्मी नायक, प्रेमलता नायक, राधा पटेल, दमयंती नायक, मनीषा चौधरी, सुनिता पटेल द्वारा आकर्षक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसी कड़ी में बच्चों द्वारा भी अकर्षक गरबा नृत्य प्रस्तुति दी गई। जिसमें अंशिका नायक, माही चौधरी, तुष्टि चौधरी, पलक पटेल, खुशी पटेल द्वारा गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया। माही नायक और हिमांशी पटेल का माता दुर्गा स्वरूप विशेष आकर्षण रहा।इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों के लिए गेम रखा गया था। बलून दौड़ में 40 प्लस सुशीला चौधरी और सुनिता पटेल, अंडर 40 में मंजू चौधरी एवं प्रेमलाता नायक ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। हंसाने वाला गेम में 40 प्लस में सुलोचना नायक, सीता पटेल, वीणा पटेल, सुशीला चौधरी, अंडर 40 में चंदा चौधरी, राधा पटेल, कविता पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फनी एंड ब्रेन क्विज में तिलोत्तमा नायक, सुनिता प्रशांत पटेल, वीणा पटेल, निशा पटेल सभी ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिल भारतीय अघरिया समाज केन्द्रीय इकाई रायगढ़ डॉ गैसमोती पटेल ने कहा कि बेटियां, महिलाएं नारी शक्ति का स्वरूप होती हैं और उन्होंने कहा कि यदि समाज को नई दिशा में ले जाना है तो पुरानी सोच को बदलना होगा और नई सोच को लेकर आगे आना होगा। लेकिन अपने सभ्यता, संस्कार और अपने समाज की परंपरा और रिवाज को ना भूले यह भी ध्यान रखना आवश्यक है।

सीता अमृत पटेल ने अघरिया महिला मंच द्वारा आयोजित गरबा उत्सव की प्रशंशा करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन बड़े रूप में होना चहिए, जिसमें क्षेत्र की समस्त सामाजिक महिलाएं भाग ले सके। सुलोचना नायक द्वारा गरबा का अर्थ बताते हुए कहा कि गरबा, गर्भ को कहा जाता है इसलिए माता स्वरूपा प्रत्येक नारी के सम्मान में यह नृत्य किया जाता है। इस अवसर पर माता स्वरूपा बालिकाएं पलक मिष्ठी, आरू, खुशी, सिद्धि, हिमांशी, झलक तुष्टि, माही कार्यक्रम में शामिल हुई। संचालन मंजू चौधरी और लक्ष्मी नायक तथा आभार प्रदर्शन मनीषा चौधरी द्वारा किया गया।

# नवोदय प्रवेश के लिए निःशुल्क कोचिंग देने की हुई शुरुआत



बसना। 3 अक्टूबर को नवरात्र दुर्गा पूजा के पावन प्रथम दिवस पर जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, प्रयास एकलव्य एवं राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में आवेदन पत्र भरने वाले पंजीकृत सभी छात्र-छात्राओं के लिए जोन स्तरीय निःशुल्क कोचिंग केन्द्र शासकीय उच्च प्राथमिक शाला तोषगांव को बनाया गया है। जहां प्रतिदिन प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अध्यापन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा दोपहर 2.30 बजे से 5 बजे तक अध्यापन एवं मार्गदर्शन देंगे। इस अवसर पर पद्ममिनी महेन्द्र विशाल सरपंच ग्राम पंचायत तोषगांव, प्रकाशचंद्र मांझी विकास खंड शिक्षा अधिकारी सरायपाली, सतीशस्वरूप पटेल विकास खंड स्त्रोत समन्वयक सरायपाली, डा अनिल प्रधान संकुल केन्द्र प्रभारी, चंद्रहास पात्र संकुल समन्वयक संकुल केन्द्र तोरेसिंहा शैलेन्द्र नायक व्याख्याता, बंशीधर सिदार व्याख्याता, सुशील चौधरी प्रधान पाठक आदि मौजूद रहे। अतिथि स्वागत सम्मान एवं उद्बोधन में कोचिंग केन्द्र जोन-1 (एक) तोषगांव के संबंध आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। तोषगांव जोन अंतर्गत आश्रित शाला ग्राम डीपापारा तोषगांव, मनकी, पण्डापारा, लमकेनी, सरायपाली, उच्च प्राथमिक शाला तोषगांव, कन्या उच्च प्राथमिक शाला तोषगांव और उच्च प्राथमिक शाला सरायपाली के छात्र-छात्राएं एवं उनके पालकों की उपस्थिति में संकुल समन्वयक चंद्रहास पात्र ने पालकों से आग्रह किया कि वे इस अध्यापन व मार्गदर्शन केन्द्र से अपने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की अधिकाधिक जानकारियों से लाभान्वित होकर सफलता की कीर्तिमान स्थापित करें। अशोक साहू प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मनकी के सौजन्य से अभ्यास पुस्तिका और कलम व्यवस्था किया गया। जिसे अतिथियों के करकमलों से बच्चों को प्रदान किया गया। इस अवसर पर अशोक साहू, अजय पात्र, बिसीकेशन साहू, कमलासन आचार्य, मनोहर प्रधान, भूपेश प्रधान, प्रकाश प्रधान, राजेन्द्र सिंह सिदार, राजेन्द्र ईजारदार, अजय प्रधान, कुलेन्द्र नेताम, किरण डनसना, अक्षय साहू, अनिता प्रधान, अनिता साहू, मंदाकिनी प्रधान, मंजू पात्रो, अनिता साहू, योगिता प्रधान मौजूद रहे।

# कॉलेज के स्वयंसेवकों ने लिया नशामुक्त भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा प्राचार्य प्रो डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन व डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो के मार्गदर्शन में मद्यपान निषेध संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला संगठक रासेयो डॉ. मालती तिवारी, यूथ रेडक्रॉस प्रभारी व कार्यक्रम अधिकारी रासेयो अजय कुमार राजा एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो राजेश्वरी सोनी, प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र मंचस्थ रहे।

डॉ. मालती तिवारी द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि एक स्वस्थ समाज की स्थापना स्वस्थ व्यक्तियों से ही हो सकती है। स्वस्थ व्यक्ति से तात्पर्य न केवल व्यक्ति के शारीरिक स्वस्थ से है, बल्कि चतुर्मुखी विकास से है। जो स्वस्थ दिमाग, स्वस्थ शरीर, संवेगात्मक संतुलन, सामाजिक समयोजना।

अजय राजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में शराब के कुप्रभाव से उच्च शिक्षा प्राप्त युवा पीढ़ी भ्रमित हो रही है और अपना भविष्य अंधकारमय बना रही है। तनाव मुक्ति के लिए इसने शराब को माध्यम बनाया है और तनाव से मुक्ति की लत दिन प्रतिदिन बढ़ती जाती है। परिणाम जीवन का दुखद अंत।

इस बदलते हुए परिवेश में हमारे समाज में पाश्चात्य संस्कृति का जुनून हमारी संस्कृति और भारतीय मूल्यों को रौंदता हुआ एक विशेष क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है और हमारा समाज व हमारी आस्था प्रभावित हो रही है। इस प्रकार मद्यपान एक सामाजिक समस्या बन गई है। कार्यक्रम में स्वयंसेवक गोपी सिन्हा, मोहित, उर्मिला साहू, शीतल देवांगन, खुशबू कन्नौजे, लोकनाथ साहू, दिनेश साहू सहित अधिक संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक मनोज देवांगन द्वारा किया गया।

# भाजपा सदस्यता अभियान लक्ष्य की ओर अग्रसर : संदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान को लेकर जिला महासमुंद के सदस्यता अभियान जिला संयोजक संदीप दीवान ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दिया है कि महासमुन्द जिले के सभी 18 मंडलों में निवासरत भाजपा के पदाधिकारियों और ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के समर्पण, परिश्रम और ऊर्जा उत्साह के साथ ऑनलाइन सदस्य बनाने का कार्य जारी है और शीर्ष संगठन के द्वारा महासमुन्द जिला को दिए गए सदस्यता के लक्ष्य की ओर हम अग्रसर है। अभियान के जिला संयोजक संदीप दीवान ने जिले के चारों विधानसभा की आंकड़ों सहित जानकारी देते हुए कहा कि सदस्यता अभियान के लक्ष्य को हम सभी मिलकर लगभग 60 प्रतिशत हासिल कर चुके है और सभी कार्यकर्ताओं की परिश्रम से शीघ्र ही हम पूर्ण सदस्यता के लक्ष्य को हासिल करेंगे। संदीप ने बताया कि सदस्यता अभियान के दौरान ही 17



सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तक 15 दिवसीय सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमो में सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी भागीदारी निभाई है और इस अवधि में हुए सभी कार्यक्रमो के बीच भी सदस्यता का महाभियान अनवरत जारी रहा है। संगठन जिला महासमुंद के सभी 18 मंडलों के 216 शक्तिकेंद्र के 1079 बूथों में 5 सितंबर से ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रारम्भ हुए सदस्यता अभियान की, जिला मण्डल और शक्तिकेन्द्र बूथ प्रभारी की टोली गठित कर सभी कार्यकर्ता जिले में 15 अक्टूबर तक सदस्यता के लक्ष्य को पूर्ण करने के संकल्प के साथ जी जान से जुटे हुए है। सभी जनप्रतिनिधियों से लेकर सक्रिय सदस्य बनने के लिए सदस्यता का निर्धारित लक्ष्य रखा गया है, जिसको पूरा करने सभी गम्भीरता से इस अभियान के प्रति गम्भीर और सजग है। जिला में हुई सदस्यता को लेकर प्रदेश पदाधिकारी और जिला संगठन के कार्यकर्ता बैठकों के माध्यम से सतत समीक्षा कर रहे है। उन्होंने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्वकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में विष्णुदेव साय की नेतृत्ववाली भाजपा की सरकार जनकल्याण के लिए अपने वायदों और संकल्प के साथ कार्य कर रही है। डबल इंजन वाली भाजपा की सरकार बनने से जनता में देशप्रदेश के सम्पूर्ण विकास की कल्पना साकार होते प्रतीत हो रही है। जिसके चलते युवा, महिला सहित सभी वर्ग और आम नागरिकों में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। जिला संयोजक संदीप ने भाजपा के संगठन महापर्व सदस्यता महाभियान में अपना तनमन समर्पण कर भाजपा का सदस्य बनाने में जुटे हुए पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना की।

### अमेरा में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**नर्रा।** संगी साथी युवा क्लब ग्राम अमेरा उखरा के तत्वावधान में शारदीय क्वांर नवरात्रि पर 8 अक्टूबर को रात्रि में डीजे डांस स्पर्धा का आयोजन किया गया है। क्लब के अध्यक्ष पुष्प कुमार साहू, उपाध्यक्ष मोरध्वज पटेल, संरक्षक देवव्रत साहू, कोषाध्यक्ष गुमेश साहू एवं सचिव नंदकुमार पटेल आदि ने बताया कि सामूहिक ग्रुप डांस युगल डांस एवं एकलडांस के प्रतिभागी को राशी से पुरस्कृत किया जावेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रविन्द्रराजसिंह ठाकुर एवं भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू होंगे। विशेष अतिथि मे सरपंच मति पमेला ईश्वर ठाकुर करेंगे। इस प्रतियोगिता के जजमेंट देवानंद बेदव्यास रविन्द्रराज सिंह एवं दुबे लाल साहू मंच संचालक राजू तांडी करेंगे।

